**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी महोत्सव पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण किया।
- प्रधानमंत्री ने कहा – सांसद खेल महोत्सव समाज के सभी वर्गों की भागीदारी के कारण जन आंदोलन बना।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने "ग्रामीण गढ़वाल समग्र स्वास्थ्य सेवा परियोजना" के अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहनों का फ्लैग-ऑफ किया।
- राज्य सरकार ने वर्ष 2026 के लिए सार्वजनिक अवकाशों की सूची जारी।

**राष्ट्र प्रेरणा स्थल**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी महोत्सव के अवसर पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह राष्ट्र प्रेरणा स्थल हमे संदेश देता है कि हमारा हर कदम राष्ट्र के लिए है। सबका प्रयास ही विकसित भारत के संकल्प का सिद्ध करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज लखनऊ की यह धरती नयी प्रेरणा का साक्षी बन रही है। 25 दिसंबर का यह दिन दो महान विभूतियों के जन्म का सुयोग लेकर आता है। अटलजी और महामना मदन मोहन मालवीयजी की जयंती है। मोदी ने कहा कि अटलजी ने सही मायने में सुशासन को जमीन पर उतारा।

**सांसद खेल महोत्सव**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से देश भर में हजारों प्रतिभाशाली खिलाडी उभर रहे हैं। आज सांसद खेल महोत्सव के समापन के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से श्री मोदी ने कहा कि इसका दायरा और प्रभाव, दोनों ही काफी बढ़ गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवाओं में हार–जीत से परे खेल भावना के विकास में योगदान देते है। श्री मोदी ने कहा कि देश के युवा हर क्षेत्र के विकास में समर्थन दे रहे हैं।

**खेल भूमि**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड को खेल भूमि के रूप में स्थापित करने के लिए राज्य के 23 स्थानों पर खेल अकादमियों की स्थापना की जा रही है। इनके माध्यम से 900 से अधिक विश्वस्तरीय एथलीट्स और 1000 अन्य खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त होगा। सांसद खेल महोत्सव के समापन अवसर पर देहरादून में आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से शुरू हुआ सांसद खेल महोत्सव आज केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि गाँव–गाँव से खेल प्रतिभाओं को पहचान देने का सशक्त माध्यम बन चुका है। और प्रदेश के युवा राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना रहे हैं।

**अटल स्मृति व्याख्यान माला**

देहरादून में पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती के अवसर पर आयोजित अटल स्मृति व्याख्यान माला–2025 में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अवसर केवल एक तिथि नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों को नमन करने का है। श्री धामी ने कहा कि वाजपेयी ने अपने जीवन से यह सिखाया कि राजनीति सत्ता का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का संकल्प होती है।

**ग्रामीण गढ़वाल**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने "ग्रामीण गढ़वाल समग्र स्वास्थ्य सेवा परियोजना" के अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहनों का फ्लैग-ऑफ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि लोग भौगोलिक और आर्थिक कारणों से स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। इस पहल से दूरस्थ गांवों तक समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा पहुंचाना आसान होगा।

**"ग्रामीण गढ़वाल समग्र स्वास्थ्य सेवा परियोजना" के तहत प्रथम चरण चमोली एवं टिहरी से आरंभ किया गया है। जहां दो सुसज्जित मोबाइल मेडिकल यूनिट्स को तैनात किया गया है। इसके माध्यम से सामान्य चिकित्सा, 29 से अधिक निशुल्क पैथोलॉजी जांच, निःशुल्क दवा वितरण, नेत्र जांच, स्वास्थ्य परामर्श एवं रेफरल सेवाएं प्रदान की जायेंगी। ये यूनिट गांव, कस्बों, स्कूलों और बाजारों में निर्धारित समय पर जाकर चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराएंगी। हर मोबाइल यूनिट में डॉक्टर मौजूद रहेंगे।**

**सार्वजनिक अवकाशों**

राज्य सरकार ने वर्ष 2026 के लिए सार्वजनिक अवकाशों की सूची जारी कर दी है, जिसमें कुल 28 अवकाश घोषित किए गए हैं। सचिवालय और विधानसभा में पांच दिवसीय सप्ताह होने के कारण 25 अवकाश ही मान्य होंगे। बैंक और कोषागार में 23 अवकाश अनुमन्य होंगे। जिलाधिकारी स्थानीय महत्व के दिनों में तीन अवकाश घोषित कर सकते हैं।